तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 सिर्री में एक और राशन दुकान खुली, उपभोक्ताओं को राहत



12 वंदे मातरम गीत देश के प्रति कर्तव्य निभाने की शपथ है : निषाद



## खबर संक्षेप

### लोक नर्तक दलों की स्पर्धा 12 से

**धमतरी।** शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति लोककला महोत्सव 2025-26 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन किया जाना है। इसके लिए जिले में निवासरत आदिवासी लोक नर्तक दलों से 11 नवम्बर तक कार्यालयीन समय में प्रविष्टियां मंगाई गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि नियत तिथि तक अपनी प्रतिष्टियां निर्धारित प्रपत्र में आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। लोक नर्तक दलों के मध्य 12 से 14 नवम्बर तक प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया किया जायेगा जिसमें से 1 दल का चयन कर 18 नवम्बर को आयोजित राज्य स्तरीय शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति लोककला महोत्सव जिला अंबिकापुर में भाग लेने के लिए भेजा जायेगा।

### रिक्त पद को भरने में पारदर्शिता बरतने की मांग

**धमतरी।** भारत सरकार दवारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में दिव्यांगजनों के लिए सीधी भर्ती के रिक्त पदों में 7 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। दिव्यांगजनों की शैक्षिक योग्यता एवं प्रशिक्षण के अनुसार प्रति वर्ष रिक्त पदों पर भर्ती करने एवं सही दिव्यांगों का चयन करने की मांग सीएम दीक्षित प्रांताध्यक्ष, महेश साहू, रवि पटेल, घनश्याम सिह साहू ने शासन-प्रशासन से की है। राज्य मेडिकल बोर्ड से पुनः जांच करवाने की मांग की।

### रक्षित केंद्र में ट्रेड टेस्ट का आयोजन 17 से



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती आरक्षक-चालक एवं आरक्षक-ट्रेडमेन का ट्रेड टेस्ट रक्षित केन्द्र में 17 से 19 नवम्बर तक रखा गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग में रिक्त पदों की सीधी भर्ती के लिए 4 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके अंतर्गत आरक्षक(चालक) एवं आरक्षक (ट्रेडमेन) (इलेक्ट्रिशियन, टेलर, डीआर, कुक, स्वीपर, धोबी, नाई एवं मोची) के पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों के लिए ट्रेड टेस्ट 17, 18 एवं 19 नवम्बर को रक्षित केन्द्र धमतरी में आयोजित किया गया है। यह ट्रेड टेस्ट राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्र रायपुर, धमतरी, दुर्ग, खैरागढ़, बिलासपुर, रायगढ़, अम्बिकापुर, जगदलपुर एवं कोण्डागांव में होगा। ट्रेड टेस्ट एक व्यावसायिक परीक्षा है जो किसी विशिष्ट पेशा या व्यवसाय में व्यक्ति की योग्यता और कौशल का मूल्यांकन करता है।

5200 से घटकर 4700 रुपये हुआ सरिया, 300 से 260 में आया सीमेंट

# सरिया सीमेंट के दाम गिरे, आवास निर्माण के लिए यह समय सही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वस्तु एवं सेवा कर में कटौती से आवास निर्माण कराना सस्ता हो गया है। भवन निर्माण में आवश्यक सरिया और सीमेंट के दाम में 10 प्रतिशत जीएसटी कम होने से बीते 3 साल के बराबर का भाव आ गया है। इधर शासन द्वारा आवास निर्माण के लिए राशि जारी करने के बाद पीएम आवास के हितग्राही राजमिस्त्री और मजदूरों की तलाश में हैं लेकिन फसल कटाई के कारण मजदूर, राजमिस्त्री का टोटा बना हुआ है।

केन्द्र सरकार ने शारदीय नवरात्रि पर जीएसटी की दरों में कटौती कर लोगों को बड़ी राहत दी है। सरिया तथा सीमेंट में 28 प्रतिशत टैक्स को कम कर 18 प्रतिशत करने से भाव में 10 प्रतिशत की कमी आई है। साहू स्टील के संचालक अमृत साहू बताते हैं कि नवरात्रि से पहले सरिया के दाम 5200 से 5300 रूपये क्विंटल थे। जीएसटी घटने के बाद इसकी कीमत 4700 से 4800 रूपये क्विंटल पर आ गई है। इसी तरह सीमेंट का भाव अब 260 रूपये हो गया है। पहले 300 रूपये बिक रहा था। उन्होंने बताया कि सीमेंट सरिया का भाव तीन साल पहले के दाम पर आ गया है।





### काली ईंट के मुकाबले लाल ईंट 30 प्रतिशत महंगी

लाल ईंट के दाम आसमान छूने के बाद भी यह लोगों की पहली पसंद है। सुभाष नगर निवासी श्रीमती दुर्गा साहेब बताती हैं कि फ्लाई ऐश वाली काली ईंट प्रति हजार 4500 रूपये, मिट्टी की लाल ईंट 7000 रूपये हो गई है। काली ईंट सस्ती होने के बाद भी उसे लाल ईंट से मकाना बनाना पसंद है। उन्होंने बताया कि रेत के दाम सामान्य हैं। 1200 रूपये ट्रेक्टर ट्राली में उपलब्ध हो रही है।

### राजमिस्त्री, मजदूरों का टोटा, मजदूरी दर में वृद्धि

जिले में सैकड़ों की संख्या में पीएम आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। पीएम आवास के हितग्राही रामाधीन, रामप्यारी बताते हैं कि आवास निर्माण के लिए राजमिस्त्री और मजदूरों की तलाश में हैं लेकिन फसल कटाई में व्यस्त होने के कारण टोटा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि राजमिस्त्री, मजदूर के पारिश्रमिक बढ़ गए हैं। राजमिस्त्री की रोजी 500 से बढ़कर 600 रूपये, कुली की मजदूरी 300 से बढ़कर 400 रूपये तथा रेजा की मजदूरी 250 से बढ़कर 300 रूपये हो गई है।

मेडिकल एजेंसी को लाइसेंस मिलने तक इन प्रोडक्ट को नहीं बेचने के निर्देश

# बिना फूड लाइसेंस के बिक रहा था एनर्जी ड्रिंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी के एक मेडिकल स्टोर में बिना फूड लाइसेंस के एनर्जी ड्रिंक, न्यूट्रीशन देने वाले प्रोडक्ट, सीरप आदि का विक्रय किया जा रहा था। फूड सेफ्टी विभाग ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मेडिकल स्टोर में इस प्रकार के प्रोडक्ट की बिक्री पर रोक लगा दी है। एनर्जी ड्रिंक का सेंपल भी लिया गया है। इस एनर्जी ड्रिंक के डिस्ट्रीब्यूटर, विक्रेता और निर्माता फर्म की भूमिका को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

प्रदेश में बेचे जा रहे रेडी टू सर्व पेय पदार्थों की जांच की जा रही है। यह जांच नियंत्रक आयुक्त सुरक्षा दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर की जा रही है। इसी के तहत धमतरी में लगातार मेडिकल स्टोर की जांच की जा रही है।

शुक्रवार को जिला खाद्य एवं अनुपालन अधिकारी सर्वेश कुमार यादव के मागदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा ने शर्मा मेडिकल एजेंसी और नागेश मेडिकल एजेंसी में दबिश दी। नागेश मेडिकल एजेंसी में बिना एफएसएसएआई लाइसेंस के व्यापार करते पाया गया। यहां पर भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार के न्यूट्रीशन देने वाले प्रोडक्ट, सीरप, एनर्जी ड्रिंक का विक्रय करना पाया गया। मेडिकल एजेंसी को खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त होने तक इन उत्पादों को नहीं बेचने के निर्देश दिए गए हैं।



### एनर्जी ड्रिंक का नमूना लिया

इस दौरान बाफना एनर्जी बूस्टर एनर्जी ड्रिंक का सेंपल लिया गया। मेडिकल एजेंसी द्वारा बताया गया कि यह प्रोडक्ट लक्ष्य डिस्ट्रीब्यूटर डूमरतराई से सप्लाई की गई है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के मेडिकल एजेंसी को इस प्रोडक्ट की सप्लाई किए जाने के मामले की जांच की जा रही है। निर्माता कम्पनी की भी भूमिका जांच के दायरे में है। जांच के बाद इस मामले को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया जाएगा।



### जांच जारी

एफएसएसएआई (फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्स अथारिटी आफ इंडिया) ने ओरल रिहाइड्रेशन साल्युशन (ओआरएस) लेवल वाले पेय पदार्थों को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कई कम्पनियां ओआरएस ड्रिंक, ओआरएस फ्रूट बेस्ड बेवरेज आदि में ओआरएस का लेबल उपयोग कर रही थी, जबकि इन पेय पदार्थों में ओआरएस का सही फार्मूलेशन नहीं है। ऐसे पदार्थों पर ओआरएस का लेबल लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रतिबंध की जांच करने युद्धस्तर पर जांच चल रही है।

# फांसी से छात्रा की तो डूबने से बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- शकरवारा व सुपेला की घटना

अज्ञात कारणों से एक छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। दूसरी घटना में तालाब में डूबने से 7 साल के बच्चे की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम शकरवारा निवासी कु. तनीशा यादव पिता हरीश उम्र 15 वर्ष भोयना के स्कूल में कक्षा दसवीं में पढ़ती थी। माता-पिता मजदूरी करते हैं। गुरूवार को पिता हरीश मजदूरी करने ग्राम कोटाभर्री चला गया। वहीं मां नीतू यादव मजदूरी के लिए धमतरी आ गई। तनीशा स्कूल चली गई। भाई पुष्पेन्द्र घर में था। वह भी बाद में कहीं चला गया। शाम को पुष्पेन्द्र जब घर पहुंचा तो तनीशा म्यार में अपनी चुनरी के फंदे में फांसी पर लटकी हुई थी। यह देख पुष्पेन्द्र ने घर से बाहर निकल लोगों को आवाज लगाई। पास में स्थित गोदाम में काम कर रहे लोग तत्काल उसके घर पहुंचे। जीवित होने के अंदेशा के चलते छात्रा को तत्काल फंदे से नीचे उतारा गया। सूचना पर पिता हरीश भी घर पहुंच गया। छात्रा को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। छात्रा स्कूल से कब घर पहुंची और किस कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

दूसरी घटना भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सुपेला की है। पुलिस के अनुसार ग्राम सुपेला निवासी नीलकंठ देवांगन का पुत्र सीतांशु देवांगन उम्र 7 वर्ष गांव के भाठापारा तालाब में नहाने गया था। तालाब में नहाते समय बालक गहरे पानी में चला गया। पानी में डूबने से बालक की मौत हो गई। सूचना पर भखारा पुलिस ग्राम सुपेला पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए कुरूद अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।





# नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से रखा अश्लील प्रस्ताव, आरोपी वार्ड ब्वाय गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- जिला अस्पताल का मामला

जिला अस्पताल में आया की नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से अश्लील प्रस्ताव रखने वाले जीवनदीप समिति के आरोपी वार्ड ब्वाय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता ने सिटी कोतवाली में लिखित में शिकायत की है कि 11 सितंबर को उसने जिला चिकित्सालय की जीवनदीप समिति में वार्ड आया पद के लिए आवेदन भरा था। उसके बाद 14 सितंबर को जीवनदीप समिति के तहत जिला अस्पताल में कार्यरत वार्ड ब्वाय राहुल इलमकर का फोन आया। उसने मिलने के लिए बुलाया। अगले दिन पीड़िता जब हमर लैब के उपर स्थित कार्यालय में पहुंची तो आरोपी ने नौकरी दिलाने के लिए 30 से 40 हजार रूपए देने तथा उनके साथ अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डाला। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने अशोभनीय व अभद्र व्यवहार किया। 18 सितंबर को भी आरोपी ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकत की थी।

एसपी ने पीड़िता से प्राप्त शिकायत पर कोतवाली प्रभारी को जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। कोतवाली पुलिस द्वारा पीड़िता की शिकायत पर प्राप्त तथ्यों की सूक्ष्मता एवं गंभीरता से जांच की गई। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर सिटी कोतवाली में आरोपी राहुल इलमकर के खिलाफ धारा 75/1/11 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान व आरोपी से पूछताछ की गई। पुलिस ने आरोपी द्वारा प्रयुक्त मोबाइल फोन को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी राहुल इलमकर पिता चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



# जंगली जुआ पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- नकदी सहित 1.95 लाख का सामान जब्त

जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर रूद्री पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर 6 जुआरी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वहीं जुआ फड़ से नकदी सहित 6 बाइक व मोबाइल जब्त किया है।

एसपी के निर्देशन में जिले में जुआ एवं सट्टा के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रूद्री पुलिस ने जंगली जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम गुरूवार को गंगरेल क्षेत्र की ओर गश्त पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से ग्राम सोरम के पास जंगल में जुआ खेले जाने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल ग्राम सोरम के हलचल पोल्ट्री फार्म के पास जंगल में दबिश दी। पुलिस को देख कुछ जुआरी भाग गए। पुलिस ने घेराबंदी कर 6 जुआरी अनेश्वर उर्फ अन्नू पिता दाऊलाल उम्र 40 वर्ष, धनेश देवांगन पिता नत्थूराम 41 वर्ष दोनों ग्राम भटगांव थाना रूद्री निवासी, सतेन्द्र साहू पिता केशराम 21 वर्ष व युगल किशोर पिता परसराम उम्र 48 वर्ष दोनों ग्राम लिमतरा थाना अर्जुनी निवासी, सन्नी कुर्रे पिता पप्पू 22 वर्ष रामसागर पारा व राहुल यादव पिता नन्दू राम उम्र 34 वर्ष रिसाईपारा धमतरी निवासी जुआ खेलते रंगेहथ पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 8700 रूपये नकदी, 7 नग मोबाइल फोन कीमत 40 हजार, 6 नग मोटरसाइकिल कीमत 1 लाख 47 हजार कुल 1 लाख 95 हजार 700 रूपये जब्त किया है। पुलिस ने धारा 3(2) जुआ अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर सभी 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।



# कलेक्टर ने बीएलओ को लिखी पाती

- मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण निष्ठा से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा है कि निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना आवश्यक है।



अबिनाश मिश्रा

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य करेंगे। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न रहे। उन्होंने कहा कि यह कार्य लोकतंत्र को सशक्त करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक नागरिक के मतदान अधिकार को सुनिश्चित करने में बीएलओ की भूमिका अहम है। उन्होंने बीएलओ से अपेक्षा कि वे इस कार्य को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और सजगता के साथ करें, ताकि धमतरी जिला निर्वाचन कार्यों में एक आदर्श प्रस्तुत कर सके। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को पाती लिखकर उनके समर्पण और निष्ठा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी लगन ही जिले को निर्वाचन व्यवस्था में उत्कृष्ट बनाएगी।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

सीटू, माकपा और छत्तीसगढ़ किसान सभा ने गांधी मैदान में किया जोरदार प्रदर्शन

# स्मार्ट मीटर से जनता होगी बेहाल, प्री-पेड सिस्टम लागू न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बिजली बिल में बेतहाशा बढ़ोत्तरी किए जाने का सीटू ने जोरदार विरोध किया। गांधी मैदान में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करते हुए उन्होंने बिल में प्रीपेड सिस्टम को लागू नहीं करने और स्मार्ट मीटर की योजना को वापस लेने की मांग की है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, छत्तीसगढ़ किसान सभा और सीटू जिला धमतरी ने शुक्रवार को गांधी मैदान में जोरदार प्रदर्शन किया। सीटू के जिला सचिव समीर कुरैशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार के राज में आम जनता महंगाई से बेहाल है। सरकार की गलत नीतियों से बिजली बिल इतना ज्यादा बढ़ गया है कि बिल पटाने में आम आदमी का पसीना छूट रहा है। वर्तमान सरकार ने तत्कालीन भूपेश सरकार की कई योजनाओं को बंद कर दिया है। इसमें से एक 400 यूनिट फ्री बिजली की योजना है। इस योजना को बंद कर बिजली सप्लाई प्री-पेड मोड पर करने की तैयारी है। टाटा, अडानी, अंबानी को छत्तीसगढ़ की बिजली विभाग की सप्लाई को प्री-पेड करने के लिए स्मार्ट मीटर का ठेका दिया गया है और सितम्बर माह से हाफ बिजली योजना को मात्र 100 यूनिट तक संशोधित कर दिया गया है। इसका असर यह हुआ है कि पहले 200-400 रुपए तक घरेलू बिल आता था, जो अब 1000-1200 तक आ रहा है।



सीटू के जिलाध्यक्ष मणिराम देवांगन ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम में कार्यरत ठेका मजदूर अपनी 10 सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में सरकार द्वारा ठेका हमाल, मजदूरों से कार्य कराया जाता है। ठेका मजदूर लगातार कई सालों से कार्य करते आ रहे हैं लेकिन उन्हें सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने सभी ठेका मजदूरों को एक समान मजदूरी देने, मजदूरी को कलेक्टर दर में लाने, श्रम मंत्रालय की योजनाओं का लाभ देने सहित कई मांग की है।

धरना प्रदर्शन में रेमनलाल यादव, सरला शर्मा, अनुसुईया कंडरा, पुरुषोत्तम साहू, दुर्गेश देवांगन, बालाराम मरकाम, हरीश परते, चन्दन, राधा दिली, अहिल्या ध्रुव, अमरीका, सीता साहू, नेमिन निषाद आदि शामिल थे।

### उपभोक्ताओं को झटका

उन्होंने बताया कि धमतरी संभाग में 1 लाख 38 हजार बिजली उपभोक्ता हैं, इसमें से 84 हजार 520 घरेलू उपभोक्ता हैं। 76 हजार से अधिक घरेलू कनेक्शन में प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार वर्तमान में चालू बिजली मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने के लिए अभियान चला रही है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी इस योजना को पूरी तरह खिलाफ है, क्योंकि यह योजना बिजली क्षेत्र को निजीकरण से जोड़ने की प्लानिंग का हिस्सा है। इससे बिजली मंहगी होगी।

### पीक अवर्स में महंगी बिजली

उन्होंने बताया कि सरकार बिजली क्षेत्र के निजीकरण की ओर बढ़ा रही है। बिजली वितरण और इसकी दरों को निर्धारित करने का काम भी कार्पोरेट कंपनियों को सौंपने की तैयारी है। इसके बाद विद्युत नियामक आयोग निष्प्रभावी हो जाएगा। कार्पोरेट कंपनियां ज्यादा मुनाफा के लिए मनमाने दाम पर बिजली देने स्वतंत्र होगी। क्रॉस सब्सिडी के कारण आज गरीबी, घरेलू उपभोक्ता और किसानों को जो सस्ती बिजली मिलती है, वह बंद हो जाएगी। सरकार बिजली की कीमत को टाइम ऑफ डे (टीओडी) से जोड़ने जा रही है जिसका अर्थ है कि रात (पीक अवर्स ) में बिजली महंगी मिलेगी।

**खबर संक्षेप**



### 188 बटालियन सीआरपीएफ में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर हुआ कार्यक्रम

**कोण्डागांव**। कार्यक्रम के प्रारंभ में कमाण्डेंट भवेष चौधरी ने अपने संबोधन में बताया कि वंदे मातरम् का रचना कार्य बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875 में किया था। उन्होंने कहा कि यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जन–जन में देशभक्ति और एकता की भावना जगाने वाला था। कमाण्डेंट चौधरी ने कहा वंदे मातरम् केवल राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है, जो हमें मातृभूमि के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। कमाण्डेंट चौधरी के मार्गदर्शन में 'वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया गया। जिसमें सभी उपस्थित जवानों ने पूरे जोश और गर्व के साथ भाग लिया। इस दौरान परिसर देशभक्ति के नारों और गीतों से गुंजायमान हो उठा।
इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी नीतीन्द्रनाथ, उप कमाण्डेंट कमल सिंह मीणा, सहायक कमाण्डेंट ओमप्रकाश विश्नोई, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आरपी, निरीक्षक सत्यवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं जवानों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### उमिता, भगत और दीपाली कर रहे ग्वालियर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता



**कोण्डागांव**। ग्वालियर में आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के स्वयंसेवक उमिता मरकाम और भगत नेताम, तथा शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय कोंडागांव की दीपाली नेताम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर का प्रतिनिधित्व किया है। यह आयोजन आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर मध्यप्रदेश में 5 से 14 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में देशभर से चयनित एनएसएस स्वयंसेवक गणतंत्र दिवस परेड की पूर्व तैयारियों और सांस्कृतिक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। उमिता, भगत और दीपाली ने बस्तर की पारंपरिक लोककला, नृत्य और संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर जिले का नाम रोशन किया। उनकी प्रस्तुति को आयोजकों और प्रतिभागियों ने खूब सराहा। यदि ये छात्र आगामी चयन चरण में सफल होते हैं,तो 26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर बस्तर कोंडागांव का गौरव बढ़ाएंगे। कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई ने भी छात्रें के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हौसला बढ़ाया। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने स्वयंसेवकों की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा इस तरह के राष्ट्रीय आयोजनों से छात्रें में देशभक्ति, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण, समर्थ भारत निर्माण का संकल्प

**कोण्डागांव**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित इस संगठन का उद्देश्य राष्ट्र की स्वतंत्रता, समाज की एकता और सशक्त भारत का निर्माण था। आज संघ अपने 100वें वर्ष में समर्थ भारत के निर्माण का संकल्प लेकर नई ऊर्जा और –ष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में 100 वर्ष संघ यात्र नामक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस यात्र का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक संगठन के विचार, संस्कार और राष्ट्रभावना को पहुँचाना है, ताकि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समरस भारत का निर्माण हो सके।

---

अटंग में ग्रामीण विकास समिति एवं पंचायत की सयुंक्त बैठक में कई निर्णय लिए

# गांव में शराब, गांजा बेचने पर दस हजार का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम अटंग में ग्रामीण विकास समिति एवं ग्राम पंचायत की सयुंक्त बैठक 5 नवंबर को हुई जिसमें गांव के हितों को देखते हुए 7 बिंदुओं पर विशेष निर्णय लिए गए।

गांव में शराब, गांजा बेचने वाले संबंधित व्यक्ति पर 10 हजार रुपये अर्थदंड किया जायेगा। वहीं जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखते हुए उसे 5 हजार रुपये का इनाम दिया जायेगा। गांव की किराना दुकानों पर चिल्हर डिस्पोजल बेचने पर मनाही की गई। बेचते पाए जाने पर 2 हजार रुपये अर्थदंड रखा गया है, साथ ही बताने वाले व्यक्ति को 1 हजार रुपये इनाम दिया जायेगा।

गांव के किसी मोहल्ले या चौक-चौराहों पर ताशपत्ती, जुआ नहीं खेला जायेगा। जुआ खेलने पर 10 हजार रुपये अर्थदंड किया जायेगा। गांव के चौक चौराहों, तालाब किनारे या घाट, रोड, मंदिर परिसर में शराब, गांजा पीते पाए जाने पर 10 हजार रुपये से दंडित होगा। गांव की किराना दुकानों पर नशे की गोली आदि



बेचने पर तथा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गुटखा-पाऊच एवं बीड़ी आदि नशीला पदार्थ बेचे जाने की स्थिति में संबंधित दुकानदार को 2 हजार रुपये से दंडित किया जायेगा और सूचना बताने वाले व्यक्ति को 1 हजार रुपये इनाम दिया जायेगा। चौक - चौराहों में शराब पीकर गाली-गलौज करने और गांव की शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ 5 हजार रुपये अर्थदंड और कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्यों को लेकर इस निर्णय को 6 नवंबर से गांव में लागू कर दिया गया है। गांव के प्रमुख अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष भागवत साहू, सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत चेलक, दाऊ शंकरलाल चंद्राकर, टेकराम साहू पूर्व सरपंच, कलीराम साहू फत्तेलाल तारक, श्यामलाल चन्द्राकर, अंजोरीलाल साहू, अर्जुनलाल, रोशन चंद्राकर, इंदुराम साहू, कुंदन चन्द्राकर, ताजेन्द चन्द्राकर, रूद्रनाथ साहू, कृष्ण चन्द्राकर, डिगेंद्र तारक, टीकाराम साहू, शिव साहू, ओंकार चेलक, जीतू सेन, परसराम साहू, माखन साहू, पुरूषोत्तम साहू, नंदकुमार साहू, ग्रामीण कोटवार हेदनाथ निर्मलकर, ग्रमीण सचिव साधुराम पटेल ने बताया कि गांव में उक्त नियमों को गंभीरता से लागू किया गया है और जो इसका पालन नहीं करता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## जिले के 18 राजस्व ग्रामों में अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन

■ जिले के 501 राजस्व ग्रामों में ग्रामीण आबादी भूमि का सर्वेक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना अंतर्गत धमतरी जिले में ग्रामीण आबादी भूमि के स्वामित्व निर्धारण हेतु किए जा रहे ड्रोन सर्वेक्षण कार्य में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। कार्यान्वयन एजेंसी सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा जिले के 18 राजस्व ग्रामों में अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। जिले के 501 राजस्व ग्रामों में ग्रामीण आबादी भूमि का सर्वेक्षण जारी है, जिसके अंतर्गत भखारा, धमतरी, कुकरेल, कुरूद एवं मगरलोड तहसीलों के क्रमशः 02, 08, 02, 02 और 04 ग्रामों के कुल 36 शीटों का मसौदा मानचित्र (मैप 2) एवं संपत्ति धारकों का विवरण तैयार कर संबंधित ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सूचीबद्ध ग्रामों में प्रारंभिक प्रकाशन परिशिष्ट-7 के अनुसार किया जाए तथा ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादी कराएं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान मैप-1 में भौतिक सत्यापन के दौरान चिन्हित विसंगतियों का मैप 2 से मिलान किया जाए। हल्का पटवारी द्वारा तैयार संपत्ति धारकों के विवरण एवं सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त विवरण का आपसी सत्यापन किया जाए। मैप-2 में भू-खण्ड की सीमाएं पीले रंग, निर्मित भवन दुकान लाल रंग, रास्ते नीले रंग तथा शासकीय क्षेत्र हरे रंग में अंकित किए गए हैं। अपूर्ण प्रविष्टियों को पूर्ण कर, अभिलेखों की सटीकता सुनिश्चित की जाए। प्रारंभिक प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक हितग्राही अपने दावे एवं आपत्तियां प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। तहसीलदार ई-कोर्ट में दावा-आपत्ति के प्रकरण दर्ज कर ग्रामवार ईश्तहार जारी करेंगे एवं प्राप्त दावों का निराकरण करेंगे। निराकरण उपरांत संशोधित मैप-3 सर्वे ऑफ इंडिया को अंतिम प्रकाशन हेतु भेजा जाएगा। यदि निर्धारित अवधि में कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं होती, तो अंतिम अधिकार अभिलेख निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की

## छात्रों को देशभक्ति के मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित





■ राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आत्मानंद स्कूल कंडेल में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

7 नवम्बर को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय कंडेल में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच गिरधर सार्वा तथा विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व व्याख्याता योगेश्वर साहू थे।

छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम समूहगान प्रस्तुत किया गया, जिसने वातावरण को देशभक्ति के भाव से भर दिया। इस अवसर पर निबंध लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने वंदे मातरम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रचनाकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के योगदान तथा इस गीत के राष्ट्रीय महत्व पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विद्यालय में दिखाया गया, जिसे छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और गर्व के साथ देखा। अतिथियों ने विद्यार्थियों को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी मातृभूमि के प्रति समर्पण, एकता

## स्वयंसेवक मोनीश का राष्ट्रीय साहसिक शिविर में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक मोनीश कुमार बीएससी तृतीय सेमेस्टर का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर हेतु हुआ है, जो 10 से 19 नवम्बर तक अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान मनाली हिमाचल प्रदेश में आयोजित होगा। प्रभारी प्राचार्य गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि मोनीश का चयन हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। ऐसे शिविर युवाओं में जिम्मेदारी, साहस और नेतृत्व की भावना को प्रबल करते हैं। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने बताया कि यह शिविर स्वयंसेवकों को साहस, आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना से सशक्त करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक तरुण बैनजी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू एवं डॉ. उपमा ने हर्ष व्यक्त किया।

## मरार पटेल समाज का परिचय सम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज का प्रदेशस्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मलेन, वैवाहिक पत्रिका विमोचन एवं शाकंभरी महोत्सव का आयोजन संबलपुर डौंडीलोहारा जिला बालोद में 9 नवंबर को किया जा रहा है।

समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, संयोजक राजेन्द्र नायक, कार्यकारिणी अध्यक्ष तेजराम पटेल, सहसंयोजक पवन पटेल, महासचिव ललित पटेल, संरक्षण पुरुषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष



खेलूराम पटेल, महामंत्री कुबेर पटेल, दुलेश पटेल, राजनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष यज्ञदेव, बगौदराज अध्यक्ष सियाराम पटेल, उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, सचिव अर्जुन पटेल, कोषाध्यक्ष विनायक, समिति अध्यक्ष देवचरण पटेल, भूपेंद्र पटेल उपस्थित रहेंगे।

## छात्रों ने खीर, पूड़ी का लिया लुत्फ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला सिलीडीह में श्रीमती रुचि देवांगन सरपंच ने अपनी पुत्री वैशाली के जन्मदिन पर छात्रों को न्योता भोज के रूप में खीर, पूड़ी व बड़ा खिलाया।

## 59 प्रशिक्षणार्थियों ने सीखे स्काउटिंग के गुर

■ जोनस्तरीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर गुदगुदा स्कूल में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मक गतिविधियों के उद्देश्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जोनस्तरीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर शासकीय उमावि गुदगुदा में शुभारंभ 6 नवम्बर को हुआ।

प्रशिक्षण शिविर के अतिथि संस्था के प्राचार्य टेकराम सोनकर और संकुल समन्वयक मनोज नेताम ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। अतिथियों ने स्काउटिंग की गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। स्काउटिंग गतिविधियों के



माध्यम से विद्यार्थियों को सुनागरिक बनाना और शैक्षिक उद्देश्य के लिए विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण की आधारशिला बताया। शिविर के प्रथम दिवस संचालक मण्डल की टीम ने स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों को स्काउटिंग के इतिहास, टोली विभाजन, नियम और प्रतिज्ञा, प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, यूनिफार्म, प्राथमिक चिकित्सा, हाथ और सीटी के संकेत, प्रथम और द्वितीय सोपान की गांठों का व्यावहारिक और प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। स्थानीय संघ ब्लॉक सचिव और ब्लॉक शिविर संचालक ऐश कुमार साहू ने प्रशिक्षण शिविर में स्काउट-गाइड के प्रशिक्षणार्थियों को प्रवेश से लेकर राज्यपाल और राष्ट्रपति अवार्ड की जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्काउटिंग के गुर सिखाये।

प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस 7 नवंबर को संचालक मंडल की टीम ने प्रतिभागियों को बीपी सिक्स, द्वितीय सोपान की गांठें और लेसिंग, अनुमान लगाना, कंपास, दिशा ज्ञान, रोटा चार्ट, मानसभा की बैठक, ड्रिल और मार्चपास्ट, लॉग बुक बनाना की व्यावहारिक जानकारी दी। इस अवसर पर जोन शिविर संचालक दुर्गेश द्विवेदी, सहायक शिविर संचालक और स्थानीय संघ उपाध्यक्ष वीणा खत्री, जितेन्द्र सुधाकर, फयूना बंजारे, रेशमा मुदलियार संचालक मंडल सहित नारी, गुदगुदा, भैसमुंडी, दहदहा, कठौली, संकरी विद्यालय से स्काउट-गाइड विंग के 59 प्रशिक्षणार्थियों ने स्काउटिंग के गुर सीखे।

## 60 मिडिल स्कूल को मिनीकिट दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

बच्चों में शारीरिक फिटनेस विकसित करने, जीवन कौशल का निर्माण, छात्रों का स्वास्थ्य उन्नत करने के उद्देश्य से ग्रासरूट स्पोर्ट कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा जिले के चयनित 60 मिडिल स्कूल को मुख्य अतिथि ललित सिन्हा के हाथों से स्पोर्ट किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में चयनित स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे। इस दौरान प्रोग्राम हेड श्रीमती अनिता गांगुरडे और स्टेट हेड विद्यासागर चौहान ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को खेल गतिविधियों को अपने स्कूलों में सुचारू रूप से संचालित करने के लिए निवेदन किया। नवंबर एवं दिसम्बर माह में होने वाले जोन एवं ब्लॉक स्तर कबड्डी टूर्नामेंट के बारे में जानकारी



दी गई। साथ ही खेल गतिविधियों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम का आउटकम शारीरिक कौशल एवं जीवन कौशल का विकास, प्रत्येक विद्यालय की स्पोर्ट्स टीम बनेगी। प्रत्येक गांव में स्पोर्ट्स कल्चर का निर्माण होगा। स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य सुनिश्चित होगा। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्पोर्ट की सभी गतिविधियों को अपने-अपने स्कूलों में संचालन करने के लिए उत्सुकता दिखाई।

मौके पर मोतीलाल देवांगन, हरेश साहू, श्रीमती ईश्वरी ठाकुर, ईश्वर साहू, उमेश निषाद, श्रीमती ललेश्वरी साहू मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ की अग्रणी साहित्यिक संस्था संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड ने मनाया वार्षिकोत्सव

# साहित्य, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छत्तीसगढ़ की अग्रणी साहित्यिक संस्था संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड का वार्षिकोत्सव 5 नवंबर को संगम सदन रामलीला मैदान में उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम उपस्थित रहीं। अध्यक्षता डुमनलाल ध्रुव अध्यक्ष हिंदी साहित्य परिषद धमतरी ने की। विशेष अतिथि नगर पंचायत मगरलोड की अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू, उपाध्यक्ष रुक्मण तोरण सिन्हा, राजयोगिनी बीके अखिलेश बहन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ओम शांति सेंटर की







बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सरल ने स्वागत भाषण दिया। संरक्षक झाड़ू राम साहू ने समिति स्थापना के उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समिति के संरक्षक पुनुराम साहू राज ने मांग पत्र का वाचन किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिनमें डॉ. अनसुइया अग्रवाल को संगम गजानन साहित्य सम्मान, डॉ. सुशीला साहू को तुलसी मानस सम्मान तथा शोभाराम ध्रुव, भोपालमणि साहू, कुमारी आराध्या साहू और शिवा प्रधान को विविध सम्मान से अलंकृत किया गया।

द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ रहे। इस अवसर पर लालेश्वर सिन्हा के काव्य संग्रह भावांजलि एवं कवि घना राम साहू की कृति नरसिंग चरित्र विडाल भगवान का विमोचन किया गया। डॉ. यशोदा साहू ने छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष विषय पर व्याख्यान दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सुआ नृत्य और बाल पंडवानी की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वार्षिकोत्सव में भिलाई, रायपुर, महासमुंद, धमतरी, नगरी, कुरूद के साहित्यकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में हरिभूमि चौपाल के सम्पादक दीनदयाल साहू, चन्द्रशेखर शर्मा, रायपुर से चेतन भारती की उपस्थिति रही। कार्यकम का संचालन समिति के सचिव आत्माराम साहू और सदस्य देवनारायण निषाद ने किया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी अशोक ध्रुव, चिंताराम सिन्हा पुजारी, भोलाराम सिन्हा, हिरामन साहू, चन्द्रहास बघेल, भोलाराम कुर्रे, अनिता गौर, कामता राम साहू, लालेश्वर सिन्हा, लीलूदास मानिकपुरी, पुरुषोत्तम, शान्तु साहू, यशवंत साहू का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### रामकृष्ण आश्रम में 9 को होगा वार्षिक सम्मेलन

**पखांजुर ।** धर्म, आध्यात्म और समाज सेवा के दिव्य आदर्शों के प्रचार-प्रसार के लिए रामकृष्ण विवेकानन्द भाव प्रचार परिषद का भव्य वार्षिक सम्मेलन श्री श्री रामकृष्ण आश्रम पखांजुर में 09 नवंबर को आयोजित होने जा रहा है। सम्मेलन में स्वामी ईष्टमयानन्द महाराज, स्वामी व्याप्तानन्द महाराज, स्वामी योगस्थानन्द महाराज, स्वामी निर्विकल्पानन्द महाराज, स्वामी नित्यज्ञानानन्द महाराज, स्वामी निर्विकारानन्द महाराज, स्वामी अनुभवानंद महाराज, स्वामी प्रपत्यानन्द महाराज, स्वामी सेवाव्रत्तानन्द महाराज, स्वामी अध्यानानन्द महाराज, स्वामी कृष्णांमृतानन्द महाराज, स्वामी विश्वात्मानन्द महाराज, स्वामी तन्मयानन्द महाराज, स्वामी विरेशानन्द महाराज सहित अन्य पूजनीय महाराज शामिल रहेंगे। अपनी अमृतमयी वाणी और दिव्य उपस्थिति से भक्तों को अनुगृहीत करेंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत 30 वर्षीय पुरन उईके ने गमछा का फंदा बनकार फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बोरसी निवासी ललिता बाई उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक हमेशा शराब के नशे में रहता था। शराब पीने के लिए मना करने पर लड़ाई झगड़ा करता था। पुरन उईके 6 नवंबर को शराब के नशे में घर आया। खाना देने की बात को लेकर विवाद हुआ और कुछ देर बाद वह सोने के लिए चला गया। सुबह देखी तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। अज्ञात कारणों के चलते मृतक ने आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 55 वर्षीय गोविंदराम कोरेटी ने 5 नवंर को अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। डोंगरकट्टा निवासी आशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ने नारियल की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** सीएचसी धनेलीकन्हार से बिना नंबरी मर्ग डायरी कांकेर थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 34 वर्षीय कौशिल्या कोर्राम को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। साप का जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 23 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अप्रशिक्षित व्यक्ति से विद्युत कार्य कराने पर मामला दर्ज

**कांकेर।** पुलिस ने विवेचना में पाया कि नवलसिंह कोमरा द्वारा बिजली पोल से हुकिंग कर अवैध कनेक्शन लेकर बिजली लाइट चला रहा था, जो विगत 8-10 दिन से लाईट बंद होने से 3 अक्टूबर को रात करीबन 8 बजें अपने गांव के ही अप्रशिक्षित व्यक्ति मानसाय मण्डावी से बिना सुरक्षा उपाय के उतावलेपन व लापरवाही पूर्वक सर्विस तार का सुधार कार्य करवा रहा था। मानसाय मण्डावी के द्वारा सर्विस तार का सुधार कार्य करते हुए बिजली करेंट लगने से मौके पर मौत हो गया। प्रथम दृष्टया आरोपी नवलसिंह का कृत्य अपराध धारा 106 (1) बीएनएस, 135 विधुत अधिनियम 2003 का घटित करना पाये जाने मामला पंजीबद्ध का विवेचना में लिया गया।

### घायल पुलिस आरक्षक की इलाज के दौरान निधन

**चारामा।** दरगाहन निवासी 35 वर्षीय आरक्षक खम्मन सोनवानी की रायपुर में राज्योत्सव में ड्यूटी लगी हुई थी और पचपेड़ी नाका के पास 02 नवंबर को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगने के कारण राम कृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में इलाज चल रहा था।

---

संचालन जय कर्मा माता महिला समूह द्वारा किया जायेगा

# सिर्री में एक और राशन दुकान खुली, उपभोक्ताओं को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत सिर्री में उचित मूल्य राशन दुकान के दूसरे केंद्र का उद्घाटन किया गया। स्कूल चौक के एक पुराने भवन में यह संचालित होगा। विदित हो कि ग्राम सिर्री में पहले से ही एक राशन दुकान ग्राम पंचायत के अधीनस्थ संचालित है। इसके अलावा गांव में जनसंख्या काफी अधिक होने से राशनकार्डधारियों की संख्या वर्तमान में बढ़ोतरी होकर लगभग 1300 हो गई है। 1 हजार से अधिक राशनकार्डधारियों के होने से गांव के एक ही राशन दुकान में राशन वितरण के दौरान भारी भीड़ हो जाती थी। इसे देखते हुए दूसरे केंद्र का उद्घाटन किया गया। इसे गांव की जय कर्मा माता महिला समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। इस समूह की अध्यक्ष अनिता साहू, सचिव पार्वती साहू हैं।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच देशांत सिन्हा ने फीता काटकर राशन दुकान का उद्घाटन किया। भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गांव में राशनकार्डधारियों की संख्या में बढ़ोतरी होने के कारण राशन दुकान का दूसरा केंद्र खुलना आवश्यक हो गया था ताकि राशनकार्डधारियों को राशन लेने में सुविधा हो सके। पंचायत सचिव रेखराम साहू ने बताया कि गांव के राशनकार्डधारी नई राशन दुकान में नवंबर माह से ही राशन वितरण का लाभ ले सकते हैं। राशन दुकान का जिम्मा जय कर्मा माता समूह को दिए जाने पर समूह की अध्यक्ष अनिता साहू ने ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया। नई राशन दुकान भाठापारा, स्कूल पारा, बड़पारा, मंडल पारा के समीप होने से यहां के राशनकार्डधारियों को सुविधा मिलेगी। मौके पर सरपंच देशांत सिन्हा, सचिव रेखराम साहू, डीहूराम तारक अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, संजीव साहू अध्यक्ष साहू समाज सिर्री, घनश्याम पटेल सोसाइटी सेल्समैन, नंदुराम ध्रुवंशी, रामनिवास सार्वा, रामनाथ शर्मा, राधेरमन साहू पंचायत ऑपरेटर, गुहाराम, तुलसीराम, युगल किशोर, चुन्नू राम साहू, राजू नेताम, लक्ष्मीनारायण, रामाधार साहू समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# कबड्डी में ग्राम कारीपानी, मारियामारी अव्वल

- बुडरा में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत हुई कबड्डी प्रतियोगिता
- कलेक्टर ने युवाओं को सेना भर्ती प्रशिक्षण केंद्र से जुड़ने किया प्रेरित
- नक्सलवाद से दूर रहकर क्षेत्र के विकास में दें योगदान : एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस प्रशासन द्वारा नगरी विकासखंड के नक्सल प्रभावित गांव बुडरा में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार और वनमंडलाधिकारी कृष्ण जाधव विशेष रूप से उपस्थित थे।

पहली बार कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर ग्रामीण अत्यंत उत्साहित नजर आए। अधिकारियों के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने कहा कि आपका गांव बहुत सुंदर है और आप सभी का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने गांव के युवाओं के खेल कौशल की प्रशंसा की और कहा कि नक्सलवाद जैसी बुराइयों से दूर रहकर क्षेत्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि जो टीम आज विजेता नहीं बनी, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, नियमित अभ्यास करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि खेल से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। आगामी दिनों में जिले में सेना भर्ती रैली आयोजित की जानी है, जिसके लिए नगरी में सैनिक प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण केंद्र का लाभ लें, जहां फिजिकल और लिखित परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। अधिकारियों ने विजेताओं को शील्ड और नगद पुरस्कार प्रदान किए। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कारीपानी टीम ने बुडरा को हराकर विजय हासिल की, वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल में मारियामारी ने बरौली को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर जिपं सदस्य मनोज साक्षी, जनपद सदस्य सोनराज वट्टी, सरपंच माखन सलाम, उपसरपंच छबिलाल यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

# नशापान से दूर रहने की ली शपथ



- नशा करने वाला व्यक्ति पूरे परिवार को दुख की आग में झोंक देता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नशा मुक्ति केंद्र कुरूद की ओर से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कुरूद में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ मनोज साहू, उदय साहू ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्वास्थ्य को बर्बाद कर देता है।

विशेषज्ञों ने कहा कि एक नशा करने वाला व्यक्ति न केवल खुद को बल्कि अपने पूरे परिवार को दुख की आग में झोंक देता है। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने नशामुक्त भारत का संकल्प दोहराते हुए कहा कि समाज के हर नागरिक का दायित्व है कि वह इस बुराई के खिलाफ आवाज़ उठाएं।

युवाओं को खेल, संगीत, योग और सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। नशा मुक्ति केंद्र से दुर्गेश ठाकुर, प्रिया ठाकुर, लेखापाल योगेश्वरी, नर्स टिकेश्वरी साहू, तुलसीराम साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम में संस्था से कलस्टर हेड मोतीलाल देवांगन, सेंटर हेड भोज साहू, महेंद्र कुमार, वीरेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, लोकेश्वरी वर्मा, तृप्ति साहू, भावना रजक, टिकेश्वर साहू, किशुन ध्रुव, दुर्गश्वरी गजेन्द्र, मनीषा पटेल, राजू यादव शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हम स्वयं नशा नहीं करेंगे, न किसी को करने देंगे की शपथ ली।

---

# परखंदा में शिक्षा, स्वच्छता व स्वास्थ्य पर हुई सभा



- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ऑनलाइन जुड़कर कार्यक्रम को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम पंचायत परखंदा में पंचायत बॉडी, स्कूल स्टॉफ एवं नवसृजन युवा संगठन के तत्वावधान में शिक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर सभा का आयोजन किया गया जिसमें गांव में शिक्षा के स्तर में हो रही गिरावट को लेकर चर्चा की गई।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने भी ऑनलाइन जुड़कर इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के वक्ताओं सरपंच श्रीमती माधुरी मोहित साहू, हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य आरके साहू, युवा संगठन के अध्यक्ष लोकेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए हमें नींव अर्थात प्राइमरी स्तर से कार्य करना होगा , क्योंकि जब हम किसी भी प्रकार की शिक्षा या संस्कार बच्चों को देते हैं तो वह उसके जीवनपर्यन्त काम आता है इसलिए हम वार्डवार समिति का गठन कर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करेंगे। ताकि बच्चे बड़े होकर एक अच्छे एवं स्वच्छ समाज का निर्माण कर पाने में अपनी सहयोगिता प्रदान कर सके।

वीपी चंद्रा सेजेस सिंगपुर प्राचार्य ने भी ऑनलाइन सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ तथा जन भागीदारी के सदस्य एवं पंचगण तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

#### स्कूल प्रांगण में लगेगी सोलर हाईमास्ट लाइट

कार्यक्रम में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर अविनाश मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ग्राम परखंदा के स्कूली बच्चे खेल एवं कला के क्षेत्र में निपुण हैं। उन्होंने कई राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मेडल जीते हैं। उनकी इस काबिलियत को देखते हुए हमने स्कूल प्रांगण में सोलर हाईमास्ट लाइट की स्वीकृति दी है तथा बहुत ही जल्द स्कूल में कंप्यूटर लैब की व्यवस्था की जाएगी।

---

# सामूहिक नृत्य में डांस ग्रुप रतनपुर अव्वल रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम उमरगांव में अंतराज्यीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन नवीन बाल मंडली की नव युवा समिति द्वारा किया गया। सामूहिक डांस में प्रथम डांस ग्रुप रतनपुर, द्वितीय गरियाबंद छुरा, तृतीय बिश्रामपुरी, चतुर्थ दुर्ग भिलाई एवं युगल नृत्य में प्रथम आमदी, द्वितीय कोंडागांव, तृतीय देवरी बालोद, चतुर्थ और एकल नृत्य में पांडुका राजिम, द्वितीय गट्टासिल्ली, तृतीय धनसुली कांकेर, चतुर्थ अंजलि दीवान रायपुर रहे। कार्यक्रम के अतिथि प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य बिरगुड़ी, अंजना ध्रुव सरपंच, कृष्ण कुमार मारकोले, महेश अग्रवाल पंच, किशोर यादव पंच, बलराम साहू, हेमंत ठाकुर पंच, नोहर पटेल, त्रिलोचन साहू, बीरेंद्र साहू, रोमेश साहू, झुमुकलाल सिन्हा थे। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय 5000, तृतीय 3000, चतुर्थ 2000 रुपए एवं युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4000, द्वितीय 2000, तृतीय 1000, चतुर्थ 500 रुपए और एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय2000, तृतीय 1000, चतुर्थ पुरस्कार 500 रुपए दिया गया। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष फलेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कमलेश कश्यप, परमेश्वर नेताम, कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिन्हा, ईत्तु ध्रुव, सचिव जनक ध्रुव, हीरा यादव, सहसचिव दिपांशु मानिकपुरी, राहुल सिन्हा समेत सदस्यों का योगदान रहा।

---

# कलेक्टर ने किया दिव्यांग खिलाड़ी का सम्मान

- सत्यांशु दीप का नेशनल बास्केटबॉल कोचिंग कैंप में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के प्रतिभावान दिव्यांग खिलाड़ी सत्यांशु दीप का चयन स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित नेशनल बास्केटबॉल कोचिंग प्रारंभिक प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में सत्यांशु दीप को सम्मानित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें सही प्रशिक्षण और मंच देने की। उन्होंने सत्यांशु को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह बेहतर प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

सार्थक स्कूल की संचालक सरिता दोशी ने जानकारी दी कि यह शिविर 21 से 30 नवम्बर 2025 तक सीडीएस ग्वालियर (मप्र) में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि तीनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में स्थान दिया जाता है, जो आगे चलकर स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड गेम्स अथवा एशिया पेसिफिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। सत्यांशु दीप सार्थक स्कूल मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण एवं सेवा केंद्र धमतरी का छात्र है।

---

# सहायक शिक्षक का निलंबन निरस्त करने की मांग



- संयुक्त शिक्षक संघ ने जिला शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने सहायक शिक्षक ढालूराम साहू का निलंबन निरस्त करने की मांग जिला शिक्षाधिकारी से की है। संघ के जिलाध्यक्ष अमित महोबे सहित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शुक्रवार को जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि सेवा संबंधी मामलों में एसटी, एससी, ओबीसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसी भी मामले में सीधे निलंबन नहीं किया जा सकता। गलती होने पर समझाईश दी जाए, लेकिन जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय ने ढालूराम साहू सहायक शिक्षक एलबी शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नारी कुरूद को अपने मोबाइल से वाट्सअप स्टेटस में बच्चों को पुस्तक की कमी, विभाग की समस्या से संबंधित पोस्ट करने पर सीधे निलंबित कर दिया है, जो उचित नहीं है। संघ ने जिला शिक्षाधिकारी से मांग की है कि कार्रवाई को निरस्त कर उच्च कार्यालय को अनुशंसा प्रस्ताव प्रेषित करें। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ से जुड़े शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

# वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेन्स कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग धमतरी में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों संस्थान के प्राचार्य विनोद डेविड एवं संजयकुमार लाल, स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, निबंध और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस अमर गीत की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को जीवंत किया। प्राचार्य संजय कुमार लाल ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है। आज भी यह राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है।

---

# सरदार पटेल जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डा. मनदीप खालसा के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.आरआर मेहरा एवं डॉ. दीपा देवांगन सहायक कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर निबंध, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम दीपांशु दीवान एमए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय निखिल नेताम, एमए तृतीय सेमे एवं तृतीय स्थान अमनराज एमए प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम भवानी मरकाम एमए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय दीपांशु दीवान एवं तृतीय उन्नति साहू रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन, डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रो. मोहित कुमार, प्रो. हितेषानंद ठाकुर, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सौरभ पाण्डे, सुश्री डिलेश्वरी पटेल सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।



---

# एसआईआर अभियान की निगरानी समिति में कांग्रेस नेत्री तारिणी शामिल

- महासमुंद संसदीय क्षेत्र की मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ में चल रहे एसआईआर अभियान की निगरानी के लिए कांग्रेस पार्टी ने 14 सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति प्रदेशभर में संसदीय क्षेत्रवार मॉनिटरिंग का काम करेगी और अभियान से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखेगी।

इसमें कुरुद की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी नीलम चंद्राकर को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। जारी सूची के अनुसार पूर्व मंत्री मोहन मरकाम को समिति का संयोजक बनाया गया है।

वहीं धनेंद्र साहू और रविंद्र चौबे को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस की सूची में हर संसदीय क्षेत्र से एक-एक नेता को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है जिसमे तारिणी चंद्राकर को महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। समिति का दायित्व प्रदेश के सभी क्षेत्र में एसआईआर अभियान के कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट तैयार करना, स्थानीय समस्याओं की जानकारी जुटाना और उन्हें पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाना रहेगा।

#### जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगी



श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि समिति का उद्देश्य एसआईआर अभियान के तहत चल रही गतिविधियों में समन्वय, पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करनी है। महासमुंद लोकसभा समन्वयक की महत्वपूर्ण भूमिका मिलने पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं खरा उतरने का भरसक प्रयास करूंगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा है कि उनका विश्वास ही मेरी असली पूंजी है। इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगी।

---

### गोस्वामी समाज ने मनाया दीपावली मिलन

**जीजामगांव।** जिला गोस्वामी समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम विंध्यवासिनी मंदिर के पास गोस्वामी समाज के मठ मंदिर प्रांगण में रखा गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत सुरेंद्र पुरी गोस्वामी ने की। इस दौरान सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की गई।



## खबर संक्षेप

### शिक्षक का निलंबन वापस लेने की मांग



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने अपने बयान में कहा कि कुरूद विकासखंड अंतर्गत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नारी के सहायक शिक्षक ढालूराम साहू को केवल व्हाट्सएप स्टेटस के माध्यम से बच्चों को किताबें समय पर न मिलने की समस्या उठाने पर निलंबित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण, अनुचित और शिक्षकीय गरिमा के विरुद्ध कदम है। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए विधायक श्री साहू ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार बताया है और शिक्षा विभाग से तत्काल निलंबन आदेश निरस्त कर शिक्षक की पुनःस्थापना की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि एक शिक्षक का मूल कर्तव्य बच्चों की शिक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। यदि किताबें समय पर नहीं पहुंचीं और उसने इस मुद्दे को समाज के सामने रखा, तो यह कदाचार नहीं बल्कि जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का उदाहरण है। शिक्षक को दंडित करने की बजाय विभाग को यह जांच करनी चाहिए कि किताबें बच्चों तक देरी से क्यों पहुंचीं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शिक्षक को न्याय दिलाया जाए। यदि इस शिक्षक का निलंबन वापस नहीं लिया गया, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी।

### गोवंश का वितरण निःशुल्क, वित्तीय लेनदेन नहीं

- ट्रस्ट ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष आवश्यक दस्तावेज एवं अनुमोदन पत्र प्रस्तुत किया

**धमतरी।** श्री राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट लगभग 100 वर्षों से गौसेवा एवं गोसंवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत है। ट्रस्ट ने गौशाला में गोवंश की संख्या बढ़ने तथा स्थानाभाव एवं रखरखाव में कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया है कि जरूरतमंद पशुपालकों एवं किसानों को बछड़े-बछिया पालन हेतु निःशुल्क प्रदान किए जाए। इस संबंध में ट्रस्ट का प्रस्ताव कलेक्टर के अनुमोदन हेतु रखा गया, जिनके मार्गदर्शन में पशुपालन एवं कृषि विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए गए। ग्राम जोरातराई, करही के सरपंच द्वारा 1 नवंबर को 20 कृषकों का चयन कर बछड़े-बछिया वितरण हेतु अनुशंसा की गई। ग्राम पंचायत द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार प्रत्येक कृषक के भूमि संबंधी प्रमाण पत्रों की पुष्टि उपरांत ट्रस्ट द्वारा गोवंश का निःशुल्क वितरण किया गया। आगे बताया कि श्री राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट द्वारा इन पशुओं का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय नहीं किया गया है। यह कार्य पूर्णतः गौसेवा की भावना एवं पशुपालकों की सहायता के उद्देश्य से किया गया है। हाल में कुछ गलतफहमी के कारण इस प्रक्रिया को लेकर अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। इस संबंध में ट्रस्ट ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपने पक्ष में सभी आवश्यक दस्तावेज एवं अनुमोदन पत्र प्रस्तुत कर स्थिति स्पष्ट कर दी है। श्री राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट ने पुनः स्पष्ट किया है कि उक्त सभी बछड़े-बछिया ट्रस्ट के स्वामित्व के हैं । इच्छुक एवं पात्र पशुपालकों को पालन हेतु निःशुल्क दिए गए हैं। इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता या वित्तीय लेनदेन नहीं किया गया है।

वंदे मातरम कार्यक्रम पूरे जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया

# वंदे मातरम गीत देश के प्रति कर्तव्य निभाने की शपथ है : निषाद





- यह केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है : उमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिलेभर में वंदे मातरम का ऐतिहासिक, भव्य और राष्ट्र भावना से परिपूर्ण आयोजन गरिमा और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम जिले के सभी शासकीय–अशासकीय विद्यालयों, निजी शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, प्रशासनिक कार्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में एक साथ आयोजित किया गया।

जिले के हज़ारों विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी और नागरिकों ने राष्ट्रमाता को नमन करते हुए वंदे मातरम का सामूहिक गान किया। उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सोरम में वंदेमातरम कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने वंदे मातरम की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है। सन 1905 के बंग-भंग आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता की अंतिम विजय तक यह गीत हजारों स्वतंत्रता सेनानियों की प्रेरणा बना। मां की पुकार ने युवाओं में साहस भरा और देश को एकता के सूत्र में पिरोया। आज की पीढ़ी को भी इसकी गरिमा समझते हुए राष्ट्रहित में योगदान देने की आवश्यकता है। छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में देशभक्ति, अनुशासन और नैतिकता को सर्वोच्च स्थान दें।

जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि वंदे मातरम हमारे राष्ट्रीय सम्मान व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह कार्यक्रम पूरे जिले की एकता और देशभक्ति को मजबूत करता है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि वंदे मातरम ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। जिस समय अंग्रेजों की सत्ता बेहद कठोर थी, उस समय यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए तेज, त्याग और संघर्ष का प्रेरणास्त्रोत बना। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह गीत भारत की धरती, संस्कृति, जल, वायु और संपूर्ण प्रकृति का आदर है।

उन्होंने बच्चों और युवाओं को इस राष्ट्रगीत की ऐतिहासिकता समझने की अपील की। पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि वंदेमातरम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की धड़कन रहा है। उन्होंने बताया कि इस गीत ने समाज के हर वर् गरीब, किसान, श्रमिक, विद्यार्थी और महिलाओ को एक साथ खड़ा किया। वंदे मातरम हमें बताता है कि भारत माता किसी एक वर्ग, जाति या क्षेत्र की नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक पहचान है। यह गीत देश के प्रति कर्तव्य निभाने की शपथ है। श्री निषाद ने आगे कहा कि आज पूरे जिल ने एक स्वर में राष्ट्रगीत गाया । यह हमारी एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय चरित्र का प्रमाण है।

# हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने पर ही मिलेगा परीक्षा केंद्र में प्रवेश

**एचजीएमएफ भर्ती परीक्षा 9 को, व्यापमं ने परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



व्यापमं व्दारा जिले में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एचजीएमएफ 25 भर्ती परीक्षा 9 नवंबर को एक पॉली में प्रातः 11 से 1:15 बजे तक 2 केन्द्रों में आयोजित है जिसमें कुल 506 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8:30 बजे से 10:30 बजे तक प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थी अपने साथ अपना प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेनकार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र की ओरिजनल कॉपी परीक्षा केन्द्र में लेकर अवश्य आएं अन्यथा परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा के लिए डॉ.विनोद पाठक समन्वयक एवं अपर कलेक्टर पवन प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय, धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन व्दारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है।

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य व्दार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए। काले, गहरा नीला, गहरा हरा, गहरा चाकलेटी, बैगनी, मैरून एवं जामुनी रंग की पोषाक पूर्णतः वर्जित है। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा तभी उन्हें प्रवेश की अनुमति होगी। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटों नहीं आती है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर परीक्षा केन्द्र में जाएं। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले व नीले बाल पाइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग में लाएं। परीक्षा कक्ष में पर्स, पाउच, स्कार्फ बेल्ट, टोपी जैसे अन्य सामान पूर्णतः वर्जित है।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि कोसमर्रा में प्राचार्य बालकृष्ण साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल साहू के निर्देशन में ग्राम देवरी में दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगमाया साहू, विशेष अतिथि रूपराम साहू, रामकृष्ण साहू, तेजेन्द्र साहू एवं पंचगण थे।

# देश और समाज के निर्माण में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण



- नगर पुलिस अधीक्षक ने युवाओं को दिया प्रेरक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

समाजिक प्रमुखों के आग्रह पर मंगलवार को गातापार स्थित सामुदायिक भवन में नशा मुक्त समाज निर्माण विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक एवं प्रशिक्षु आईपीएस अभिषेक चतुर्वेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक वर्ग को अपना कर्त्तव्य निभाना होगा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में नशा कई रूपों में युवाओं की दिनचर्या में प्रवेश कर चुका है चाहे वह शराब, गुटखा, खैनी हो या मोबाइल और वाहनों का अत्यधिक आकर्षण। यह लत युवाओं को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कमजोर बना रही है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि देश और समाज के निर्माण में युवाओं का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहा है। यदि युवा सही दिशा और मार्गदर्शन से वंचित रह जाएं, तो राष्ट्र का विकास रुक जाता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें, गलत आदतों से दूरी बनाएं और अपने गांव-शहर



को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक उपभोक्ता नशे की वस्तुओं की मांग करना बंद नहीं करेंगे, तब तक उत्पादन भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में सरपंच देवेंद्र साहू, डा. मुरलीधर साहू, आरएसएस जिला संघचालक जितेंद्र यदु, खंड संघचालक भागीरथी साहू, प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी समीर तिवारी, पुरुषोत्तम निषाद, संजय भारती साहू सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे। युवाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए शपथ ली।

# नगर को मिली बॉक्स क्रिकेट की सौगात

- महापौर ने किया शुभारंभ, सद्भावना क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन की टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





स्थानीय एकलव्य खेल मैदान में बॉक्स क्रिकेट मैदान का निर्माण किया गया है। इस नव निर्मित मैदान का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी तथा खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री रोहरा ने कहा कि शहर का विकास केवल निर्माण कार्यों से नहीं, बल्कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से भी मापा जाता है। खिलाड़ियों को अभ्यास एवं खेल का सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस बॉक्स क्रिकेट मैदान का निर्माण किया गया है। भविष्य में नगर के अन्य क्षेत्र में भी ऐसी ही खेल संरचनाएं विकसित की जाएंगी।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले के युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में वॉलीबॉल, बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए भी इस प्रकार के मैदान विकसित किए जाएंगे। इन खेल संरचनाओं के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी थर्ड पार्टी एजेंसी को सौंपी जाएगी।

इस दौरान सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम और मीडिया प्रतिनिधियों की टीम ने भाग लिया। पहले मुकाबले में पुलिस प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 75 रनों का लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की कप्तानी वाली जिला प्रशासन की टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। पुलिस टीम की कप्तानी पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने की। दूसरे मैच में नगर निगम और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच मुकाबला हुआ। मीडिया टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 42 रन बनाए, जिसे महापौर रामू रोहरा की कप्तानी वाली नगर निगम की टीम ने आसानी से हासिल कर जीत दर्ज की। मीडिया टीम की कप्तानी भूपेंद्र साहू ने की। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई।

# पेंशनरों ने किया कलेक्टर का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग अब प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से खुशहाल जीवन की ओर अग्रसर है। इस योजना अंतर्गत पात्र परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। धमतरी जिले में कुल 1481 मकान स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 982 मकान का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन से जिले को राज्य में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त हुआ है। महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दत्तक लिए गए इन परिवारों को योजना का लाभ मिलना जिले और राज्य दोनों के लिए गर्व की बात है।

पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत देवान ने कहा कि यह योजना आदिवासी अंचलों में विकास का प्रतीक बन रही है। बैठक के दौरान कई पेंशन संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। पहले प्रकरण में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की पत्नी के निधन के बाद पारिवारिक पेंशन का भुगतान दस्तावेजों की कमी से रुका हुआ है। दूसरे मामले में ग्राम छाती निवासी 85 वर्षीय नेमीन चंद्राकर की पेंशन फाइल छह माह से चिकित्सा विभाग में लंबित है। तीसरे प्रकरण में एक पेंशनर की पुत्री का मामला न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है, जिसकी सुनवाई आगामी तीन माह में निर्धारित है। श्री देवान ने सभी पेंशनरों से अपील की कि वे नवम्बर माह में अपना जीवित प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से बैंक में जमा करें। साथ ही। उन्होंने साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र नाग उपस्थित रहे।उन्होंने पेंशनरों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया।


# शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार को मिलेगी नई दिशा

**गाड़ाडीह-परखंदा-गुदगुदा-नारी मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रामीण अंचल के सुदृढ़ संपर्क एवं सुविधाजनक आवागमन की दिशा में जिला धमतरी में एक और महत्वपूर्ण सड़क विकास कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। विकासखंड कुरूद अंतर्गत गाड़ाडीह-परखंदा-गुदगुदा-नारी मार्ग (लंबाई 12.20 किमी) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति राशि 17.528 करोड़ की है।

निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत इस कार्य का आदेश 02 जून 2025 को मेसर्स सुराना एण्ड कंपनी पद्मनाभपुर जिला दुर्ग को जारी किया गया। कार्य की निर्धारित अवधि 11 माह की है, जिसके अंतर्गत 14 पुल-पुलियों सहित संपूर्ण मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाना है। ठेकेदार संस्था द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अब तक 2.20 किमी



सीसी सड़क एवं 600 मीटर नाली निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 2 पुलिया निर्माण कार्य प्रगति पर है। विभागीय मंत्री, सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्य की गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा भी समय-समय पर निरीक्षण के निर्देश जारी किए गए हैं।

विभागीय अधिकारी एवं उप अभियंता निर्माण सामग्रियों की सतत जांच एवं परीक्षण के माध्यम से कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहे हैं। यह मार्ग महानदी के समानांतर स्थित होने के कारण रेत परिवहन का प्रमुख मार्ग है, जिससे शासन को राजस्व प्राप्ति भी होती है। मार्ग के निर्माण से ग्राम गाड़ाडीह, परखंदा, गुदगुदा एवं नारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को आवागमन में अत्यंत सुविधा होगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं कृषि संबंधी गतिविधियों को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा।

# लालबगीचा वार्ड में रंगमंच का होगा पुनर्निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम पार्षद एवं सभापति श्रीमती हिमानी साहू ने लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 में स्थित सतनाम समाज तूफ़ान चौक के रंगमंच के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सतनाम समाज के पदाधिकारी द्वारिका बंजारे, सुविकृति महिलांगे, दुर्गा महिलांगे, नंदलाल लहरे, राधे महिलांगे, देवा महिलांगे, ममता, बल्ला एवं गजेंद्र चंदेल ने हिमानी के प्रयासों के प्रति गहरा आभार जताया। जनसमूह को संबोधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि समाज की उन्नति और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण ही मेरी प्राथमिकता है। जब समाज सशक्त होता है, तभी शहर सशक्त बनता है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर निगम क्षेत्र में जनहित के हर कार्य को गति दी जाएगी ताकि धमतरी विकास और सौहार्द्र का आदर्श बन सके।

### समाज के विकास एवं मजबूती पर दिया जोर

**धमतरी।** परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा का दीपावली मिलन समारोह परिक्षेत्रीय भवन लिमतरा में हुआ। अध्यक्ष तरुण साहू ने संत माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संरक्षक द्वय उदयराम साहू और हंसराज साहू ने समाज के विकास एवं मजबूती के लिए सतत प्रयास करने की बात कही।







